## सार-समाचार

### 'संस्कारित संतति देश का भविष्य'

**धोरीमन्ना**, (कासं)। जाम्भाणी साहित्य अकादमी बीकानेर तथा विश्नोई समाज पनावली-धोलीनाडी के संयुक्त तत्वावधान में 31 मई से 4 जून तक राष्ट्रीय जाम्भाणी संस्कार शिविर का आयोजन रा. उ.प्रा.वि. पनावली, धोरीमन्ना (बाङमेर) में हुआ। 4 जून को समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. सच्चिदानंद आचार्य महंत लालासर धाम ने कहा कि संस्कारित संतति देश का उज्ज्वल भविष्य है। बाल मन कोरा कागज होता है,बालपन में बालमन पर जो छाप पड जाती है। उसका जीवन उसी सांचे में ढलता चला जाता है। इस अवसर पर जाम्भाणी साहित्य अकादमी के राष्ट्रीय सचिव डॉ.उदाराम खिलेरी ने चिपको आंदोलन तथा स्वच्छ भारत अभियान पर चर्चा की। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में अव्वल रहने छात्र-छात्रों को पारितोषिक तथा सहयोग करने वाले भामाशाहों व शिविर को संचालित वाले मास्टर ट्रेनरों को प्रस्शति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर प्रभारी पुखराज पनावली ने पांच दिन का प्रतिवेदन प्रस्तुत दिया। रावलामण्डी गंगानगर से आये प्रशिक्षक श्री रामसिंह कस्वां ने इन शिविरों को बच्चों के संस्कारों की टकसाल बताया। विश्नोई समाज संस्थान गुङामालानी के अध्यक्ष श्री मानाराम पूनिया ने संस्कार शिविरों को अति आवश्यक उपक्रम बताया। मंच संचालन सुबेदार केहराराम ने किया। इस अवसर पर खींयाराम वांभू, भारताराम झोदकण, अमराराम साहू,कोजाराम वांभू,नरींगाराम भादू, रामकृष्ण खिलेरी व्याख्याता, जयराम पंवार व्याख्याता, देरामराम जांगू, अर्जुनराम खिलेरी, सोहनलाल वांभू व्याख्याता, गोगाराम अध्यापक, पूर्व सरपंच रघुनाथ मांजू, श्रीमती कमला देवी आदि उपस्थित थे।

### वंदे भारत जल संरक्षण अभियान 5 से

**जालोर**, (कासं)। आगामी मानसून में वर्षा जल के अधिक से अधिक संग्रहण तथा विद्यमान जल स्त्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए 5 से 20 जून तक जिले में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान चलाया जा रहा है। जिसका शुभारंभ गुरूवार को प्रातः 6 बजे प्रभात फेरी व सुन्देलाव तालाब पर श्रमदान द्वारा किया जायेगा। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने बताया कि वंदे भारत जल संरक्षण जन अभियान के तहत गुरूवार को प्रातःकाल हरिदेव जोशी सर्किल जालोर से सुन्देलाव तालाब तक वंदे भारत प्रभात फेरी निकाली जाएगी तथा इसके उपरांत जन सहभागिता के साथ सुन्देलाव तालाब स्थल पर प्रातः 6 से प्रातः 8 बजे तक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। प्रातः 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार जालोर में वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा प्रभारी मंत्री प्रेस वार्ता के माध्यम से अभियान के दौरान आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा साझा करेंगे। अभियान के तहत प्रातः 11 बजे विश्व पर्यावरण दिवस पर रीको औद्योगिक क्षेत्र तृतीय चरण में जिला स्तरीय कार्यक्रम एवं वृक्षारोपण अभियान होगा। नगर परिषद द्वारा सुन्देलाव तालाब पर सायं 6 बजे दीप प्रज्वलन व सांस्कृतिक संध्या कार्यक्रम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत जल संचय संरचनाओं का निर्माण, जल स्रोतों की साफ-सफाई, परंपरागत जलाशयों का पुनरूद्धार, पर्यावरण व जल संरक्षण गतिविधियां आयोजित होंगी।

### फैमिली योग आयोजित

**जोधपुर**, (कासं) । डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर में फैमिली योग सत्र का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रोफेसर.(वैद्य)प्रदीप कुमार प्रजापति के सानिध्य एवं मार्गदर्शन में भारतीय चिकित्सा पद्धित राष्ट्रीय आयोग (एनसीआईएसएम) नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार विश्वविद्यालय में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में पोस्ट ठौजुएट इंस्टीट्यूट आफ आयुर्वेद के प्राचार्य प्रो. चंदन सिंह ने बताया कि प्रातः 6:30 से 7:00 बजे ऑनलाइन माध्यम से फैमिली योग का अभ्यास करवाया जा रहा है जिसमें सभी संकाय सदस्य परिवार सहित योगाभ्यास कर रहे है। कार्यक्रमों का उद्देश्य सम्पूर्ण परिवार के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाना है। यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ़ नेचरोपैथी एंड योगिक साइंसेज के प्राचार्य व अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समन्वयक वैद्य चंद्रभान शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय में 2 जून से 15 जून तक फैमिली योग कक्षाओं का ऑनलाइन संचालन किया जा रहा है , बुधवार के सत्र में फैमिली योगाभ्यास में चालन क्रियाओं के अतिरिक्त सूर्य नमस्कार में खड़े होकर किए जाने वाले आसनों में उर्ध्वताड़ासन, वृक्षासन, पाद हस्तासन ,अर्ध चक्रासन,त्रिकोणासन के अभ्यास के पश्चात कपालभाति अनुलोम विलोम एवम भ्रामरी में ध्यान का अभ्यास करवाया गया, इन सत्रों में विश्वविद्यालय के आयुर्वेद,होम्योपैथी, योग व नेचुरोपैथी,तथा बीएससी नर्सिंग आयुर्वेद के संकाय सदस्य एवं छात्र-छात्राएं नियमित रूप से भाग ले रहे हैं।

### जल संसाधन मंत्री रावत ने बैठक ली

**जोधपुर**, (कासं) । प्रदेश के जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत सुबह जोधपुर पहुंचे। यहां पहुंचने पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनका स्वागत किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के अगवाई में उनका स्वागत किया गया। बाद में सर्किट हाउस में उन्होंने कार्यकर्ताओं से कई मुद्दों पर बातचीत की। बीजेपी देहात अध्यक्ष त्रिभुवन सिंह ने भी उनका कार्यकर्ताओं के साथ स्वागत किया। जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने जोधपुर में जल संचय एवं बाढ़ नियंत्रण की तैयारियों की समीक्षा की। मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में उन्होंने संभाग के अधिकारियों के साथ बैठक में जल स्वावलंबन पखवाड़े के तहत चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विचार विमर्श के साथ अधिकारियों को दिशा निर्देश भी प्रदान किए।

### युवती ने फ्लैट में फंदा लगाकर दी जान

**जोधपुर**, (कासं) । शहर के पावटा क्षेत्र में फ्लैट में रहने वाली एक युवती ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। उसके फंदा लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। महामंदिर पुलिस ने बताया कि हनवंत ए- बीजेएस कॉलोनी सुरेंद्रसिंह पुत्र गंगासिंह की तरफ से मर्ग में रिपोर्ट दी गई। इसमें बताया कि उसकी भांजी 22 वर्षीय हिमानी लखावत यहां जैन गार्डन के पास कॉम्पलैक्स में फ्लैट में रहती थी। उसने मंगलवार को फ्लैट में चुन्नी से फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। उसके आत्महत्या का कारण पता नहीं चला है। पुलिस ने शव को कार्रवाई के बाद परिजन के सुपुर्द कर दिया।

### गुलाबचंद कटारिया का स्वागत

**पाली**, (नि.सं.)। पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया के उदयपुर से जोधपुर जाते समय पाली आगमन पर पनिहारी चौराहा पर स्वागत किया गया। पूर्व विधायक ज्ञानचंद पारख, कलेक्टर एल.एन. मंत्री, पुलिस अधीक्षक चुनाराम जाट, पूर्व सभापति महेन्द्र बोहरा, कोषाध्यक्ष रामकिशोर साबू, पूर्व पार्षद विकास बुबकिया, अशोक बाफना, भाजपा नेता सोहन गौतम, रमेश परिहार, अशोक तलेसरा, नरेन्द्र तिवाड़ी अआदि उपस्थित रहे।

# सरकारी छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरू, अंतिम तिथि 30

**जालोर**, (कासं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से संचालित समस्त राजकीय छात्रावासों में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए अंतिम तिथि 30 जुलाई तक आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के भगवानाराम चौधरी ने बताया कि विभाग द्वारा संचालित राजकीय छात्रावासों में सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन 16 मई से प्रारंभ किए गए हैं तथा ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 30 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है। विभागीय छात्रावासों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र एसएसओ डॉट राजस्थान डॉट जीओवी डॉट इन पर नवीन प्रवेश पोर्टल एसजेएमएस के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे।

एक विद्यार्थी आवेदन पत्र में अधिकतम तीन छात्रावासों को विकल्प के रूप में ऑनलाइन चयन कर सकेगा। पूर्व में प्रवेशित उत्तीर्ण विद्यार्थी जो इस वर्ष छात्रावास में प्रवेश लेना चाहते हैं, उन विद्यार्थियों का छात्रावास अधीक्षक द्वारा नवीनीकरण किया जायेगा।

प्रवेश के लिए राजस्थान के मूल निवासी छात्र-छात्राओं के लिए योजना लागू होगी। किसी भी राजकीय छात्रावासों में किसी भी पिछड़ी जाति (अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अति पिछड़ा वर्ग, आर्थिक पिछड़ा वर्ग, मिरासी एवं भिश्ती वर्ग) के विद्यार्थी, जो छात्रावास/विद्यालय के 5 किमी के परिधी के भीतर रहते हो अर्थात् जिसके माता-पिता या संरक्षक 5 किमी की परिधि के भीतर रहते हो, छात्रावास में प्रवेश के लिए पात्र नहीं होंगे। छात्रावासों में प्रवेश के लिए कक्षा 6 से 12 में अध्ययनरत छात्र-छात्रा को नियमानुसार प्रवेश दिया जायेगा। विद्यालय स्तरीय बालिका छात्रावासों में स्वीकृत क्षमता के अनुरूप स्थान रिक्त रहने पर महाविद्यालय स्तरीय छात्राओं को प्राथमिकता दी जायेगी इसके पश्चात् भी स्थान रिक्त रहने पर जेईई, नीट, क्लेट, आरएएस, आईएएस प्रतियोगी परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए कोचिंग संस्थाओं में अध्ययनरत छात्राओं को सम्यक दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करने पर एक सत्र के लिए प्रवेश दिया जायेगा। छात्र-छात्रा का चरित्र प्रमाण पत्र विद्यालय के प्रधानाध्यापक/ प्रधानाचार्य द्वारा प्रमाणित होना आवश्यक है।

छात्रावास प्रवेश के लिए प्रथम वरीयता संबंधित वर्ग के बी.पी.एल. परिवार के छात्र-छात्रा को दी जायेगी। प्रवेश के लिए गत कक्षा 40 प्रतिशत या अधिक अंक अर्जित करने पर ही प्रवेश दिया जायेगा। छात्र-छात्रा के परिवार की वार्षिक आयु 8 लाख रूपये से अधिक होने पर प्रवेश के पात्र नहीं होंगे। जिन छात्र-छात्राओं के माता-पिता राज्य सरकार के कर्मचारी है, विभागीय छात्रावासों एंव आवासीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे। ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल पर आवेदन जन-आधार कार्ड के माध्यम से लिए जायेगा। जनाधार पोर्टल पर उपलब्ध आवेदक की सूचना को प्रमाणित माना जायेगा। आवेदन के लिए वांछित दस्तावेज यथा- आधार विवरण, बैंक विवरण, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, आय का स्व घोषणा पत्र/आय विवरण, विशेष श्रेणी अंतर्गत पिता/माता-पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, विशेष योग्यजन का अधिकृत प्रमाण पत्र सहित विवरण, बीपीएल, स्टेट बीपीएल, अन्त्योदय आदि का विवरण जनाधार, राज ई वोल्ट/ डिजिलॉकर अथवा दस्तावेज जारीकर्ता एजेन्सी द्वारा संधारित वेब सर्विस से प्राप्त कर स्वतः सत्यापित होंगे (इसके लिए विद्यार्थी को पृथक से किसी प्रकार का दस्तावेज अपलोड करने की आवश्यक नहीं होगी)। माता और पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र (केवल अनाथ बालक/बालिका के लिए), पति का मृत्यु प्रमाण पत्र (विधवा आवेदकों के लिए) व राजस्थान के निष्क्रमणीय पशुपालक होने का प्रमाण पत्र (केवल निष्क्रमणीय पशुपालकों के आवासीय विद्यालय के लिए) आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि जिले में विभाग के अधीन संचालित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास आहोर में 50, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास भाद्राजून ढाणी में 25, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सायला-प्रथम में 35, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सायला-द्वितीय में 40, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास माण्डवला में 25, राजकीय विमुक्त घुमन्तु अर्द्धघुमन्तु समुदाय छात्रावास केशवना में 50, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास जालोर-प्रथम में 65, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास जालोर-द्वितीय में 50, राजकीय देवनारायण कन्या छात्रावास जालोर में 50, राजकीय कन्या महाविद्यालय स्तरीय छात्रावास जालोर में 100, राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास जालोर में 50, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास बागरा में 25, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सियाणा में 25, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास भीनमाल में 45, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास रानीवाड़ा में 55, राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास चितलवाना में 50, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास अरणाय में 25, राजकीय अम्बेडकर छात्रावास सांचौर में 60, राजकीय देवनारायण छात्रावास सांचौर में 50 राजकीय महाविद्यालय स्तरीय अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या छात्रावास सांचौर में 50 व राजकीय सावित्री बाई फुले कन्या छात्रावास सांचौर में 50 सीटों की कुल क्षमता है।

## आई.सी.आई.सी.आई. लोंबार्ड इंश्योरेंस को मृतक के परिजनों क्लेम राशि देने का आदेश

**जालोर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग जालोर के अध्यक्ष धनष्याम यादव सदस्य निरंजन षर्मा ने आईसीआईसीआई लोंबार्ड इंश्योरेंस कम्पनी को दुर्घटना क्लेम के रूप में मृतक के परिजनो को पन्द्रह लाख रूपये अदा करने का आदेष दिया ।

परिवादिया मीरादेवी ने अपने चार नाबालिग बच्चो के साथ उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग के समक्ष परिवादी पेष कर बताया कि उसके पति जगाराम की मोटरसाईकिल आईसीआईसीआई लोबार्ड इंश्योरेस कम्पनी से बीमित थी। 21 अप्रैल 2021 को शाम को जगाराम मोटरसाईकिल लेकर जालोर से गांव देबावास जा रहा था। तभी बोकडा व देबावास के बीच में मोटरसाईकिल स्पील होने से जगाराम नीचे गिर गया । तथा उसके षरीर पर गंभीर चोटे आने के बाद जालोर अस्पताल मे भर्ती करवाया गया। वहां से पालनपुर रैफर किया गया । जहां इलाज करवाने के बाद भी हालात में सुधार नही होने पर परिवारजन घर लेकर आ गये। दुर्घटना में आई चोटे के कारण जगाराम की 27 अप्रैल 2021 को मौत हो गई। दुर्घटना में जगाराम की मौत के बाद मृतक की पत्नी मीरादेवी व उसके नाबालिग बच्चे विक्रम कुमार, कैलाश, डिम्पल व रमेष कुमार जरिये परिवाद दुर्घटना क्लेम प्राप्त करने का पेष किया।

उपभोक्ता विवाद प्रतितोश आयोग के अध्यक्ष धनश्याम यादव व सदस्य निरंजन शर्मा ने दोनो पक्षो की बहस सुनने के बाद आईसीआईसीआई लोंबार्ड इंष्योरेस कम्पनी को मृतक जगाराम की पत्नी व उसके चार नाबालिग बच्चो को दुर्घटना क्लेम की राषि पन्द्रह लाख रूपये मय ब्याज अदा करने के साथ पन्द्रह हजार रूप्ये का जुमाना लगाया।

परिवादी की ओर से पैरवी अधिवक्ता सिंकदर अली सैयद ने की।

### रन फॉर एनवायरनमेंट आयोजित

**जालोर**, (कासं)। जिला प्रशासन, वन विभाग व राज्य प्रदूषण नियंत्रण मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में 'कॉम्बेटिंग प्लास्टिक पॉल्युशन' थीम पर बुधवार को रन फॉर एनवायरनमेंट का आयोजन किया गया।

रन फॉर एनवायरनमेंट जन जागरूकता रैली को जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे व जिला प्रमुख राजेश कुमार ने नगर परिषद परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तत्पश्चात् रैली अस्पताल चौराहा सर्कल, हरिदेव जोशी सर्कल से होते हुए पुनः नगर परिषद परिसर तक पहुंची। रैली के माध्यम से प्रतिभागियों ने आमजन को पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान पर्यावरण को स्वच्छ बनाएं रखने के लिए प्रतिभागियों को पर्यावरण संरक्षण व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नंदकिशोर राजोरा ने कहा कि हमें जल की महत्ता को समझते हुए संरक्षण करना चाहिए तथा पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए।

इस अवसर पर उप वन संरक्षक जयदेव सिंह चारण सहित विभागीय अधिकारी-कार्मिक सहित नर्सिंग कई प्रशिक्षणार्थी व आमजन उपस्थित रहे।

## जालोर में बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं के कार्यों की समीक्षा

**जालोर**, (कासं)। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे की अध्यक्षता में जिले में बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थाओं द्वारा वर्ष 2024-25 की चतुर्थ तिमाही की प्रगति एवं आवंटित बैंकिंग लक्ष्यों को प्राप्त करने के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक में वर्ष 2024-25 की बैंकिंग लक्ष्यों की प्रगति एवं केंद्र सरकार व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के तहत बैंकिंग गतिविधियों के माध्यम से क्रियान्वयन के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक में जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने बैंकिंग अधिकारियों से प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, भीमराव अंबेडकर दलित आदिवासी उद्यमी प्रोत्साहन योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए कहा कि वे बैंकिंग सुविधाओं के माध्यम से इन योजनाओं के तहत अधिक से अधिक पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करें। उन्होंने राजीविका से जुड़े अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे जिले में स्वयं सहायता समूह से जुड़ी महिलाओं को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़कर उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त करें। बैठक में पुलिस विभाग के कार्मिकों द्वारा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए उपायों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई।

बैठक में लीड बैंक अधिकारी रमेश कुमार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के तहत साख जमा अनुपात, वार्षिक साख योजना के लक्ष्यों की प्राप्ति तथा आगामी वर्ष 2025-26 के लिए बैंकों के वार्षिक साख लक्ष्यों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

इस अवसर पर जालोर प्रधान नारायणसिंह राजपुरोहित, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र सिंह, रिजर्व बैंक ऑफ़ इंडिया के सहायक महाप्रबंधक मनीष मांडल, नाबार्ड के सहायक महाप्रबंधक उत्तम डाबी, जिला उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक संग्रामराम देवासी, पुलिस विभाग के अधिकारी-कार्मिक सहित बैंकिंग से जुड़े अधिकारी कार्मिक उपस्थित रहे।

### कलैक्टर ने बिशनगढ़ में रात्रि चौपाल की

**जालोर**, (कासं)। कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने मंगलवार को बिशनगढ ग्राम में रात्रि चौपाल कर उपस्थित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण किया।

रात्रि चौपाल के दौरान जिला कलैक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे के समक्ष ग्रामीणों ने अतिक्रमण हटाने, विद्युत व पानी की समस्या का समाधान करने सहित परिवादों को जिला कलैक्टर ने गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उनका मौके पर ही निस्तारण करवाने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। रात्रि चौपाल में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, डिस्कॉम व पंचायतीराज सहित विभागीय अधिकारियों ने केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस अवसर पर जालोर तहसीलदार बाबूसिंह राजपुरोहित सहित ब्लॉक स्तरीय अधिकारी व बड़ी संख्या ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

डॉ. गावंडे ने बताया कि जून माह के प्रथम गुरूवार 5 जून को ग्राम पंचायत स्तर पर जनसुनवाई शिविर किये जायेंगे। परिवेदनाओं की सुनवाई कर समाधान किया जायेगा।

## डॉ. नरसीराम देवासी पर मुआवजा राशि अदा करने का आदेश सुनाया

**जालोर**, (कासं)। जिला उपभोक्ता विवाद प्रतिताष आयोग जालोर के अध्यक्ष धनश्याम यादव सदस्य निरंजन षर्मा ने मेडी पल्स स्पेषलिटी हॉस्पीटल एंड रिसर्च सेंटर सांचोर के डॉ. नरसीराम देवासी द्वारा मरीज का ऑपरेशन नही कर राशि वसूल करने दो लाख रूपये मय ब्याज मरीज अशोक कुमार को अदा करने के साथ एक लाख सात हजार का जुर्माना लगाया।

परिवादी अशोक कुमार पुत्र भखराराम सुथार निवासी कारोला तहसील सांचोर ने परिवाद पेश कर बताया कि 26 जून 2013 को उसके गाल के उपर गांठ होने पर मेडीपल्स स्पेषलिटी हॉस्पीटल सांचोर के डॉ. नरसीराम देवासी को बताया। तब उन्होंने कहा कि गांठ का ऑपरेषन कर गांठ को निकालना पडेगा। जिसके बाद परिवादी अशोक कुमार ने ऑपरेशन करवाया। जिसका खर्चा करीब पचास हजर रूपये आया। 2017 को परिवादी के गाल के उपर जहा ऑपरेशन हुआ था, वहीं पर गांठ दिखाई देने लगी। जिस पर डॉ. देवासी से सम्पर्क किया तो डॉक्टर ने कहा कि मैने पूर्व में गांठ निकाली थी। अब दुबारा ऑपरेषन करना पडेगा। 16 मार्च 2017 को डॉक्टर बिना जांच व सलाह के गाल की गांठ का ऑपरेषन कर दिया। दूसरी बार किये गये ऑपरेषन का खर्चा साठ हजार रूप्ये आया। ऑपरेषन करने के बाद भी परिवादी की तकलीफ कम नही हुई तो जोधपुर एम्प हॉस्पीटल में दिखाया। एम्स के डॉक्टरो ने जांच रिपोर्ट देखकर बताया कि गाल की गांठ का ऑपरेशन नही हुआ मात्र उपर से चीरा लगाकर गांठ को मामूली काटा गया है।

## स्पा सेंटर की आड़ में देह व्यापार

**पाली**, (नि.सं.)। पाली में बुधवार को पुलिस ने एक स्पा पर कार्रवाई करते हुए वहां अवैध रूप से देह व्यापार करने का मामला पकड़ा।

पुलिस को यहां से दिल्ली-पंजाब की 4 लड़कियां, 2 ग्राहक और एजेंट मिला। मामले में पुलिस ने एजेंट कल्याणसिंह को हिरासत में लिया।

सिटी ऊषा यादव ने बताया कि पाली शहर के ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे पर ओवरब्रिज के निकट स्थित स्पा -25 में अवैध रूप से बाहर से लड़कियां बुलाकर देह व्यापार कराने की सूचना मिली।

इस पर बुधवार को बोगस ग्राहक बनाकर भेजा। मामला सही पाए जाने पर टीम ने दबिश दी।

मौके से पंजाब-दिल्ली की 4 लड़कियां, 2 ग्राहक मिले।

मामले में संचालक कल्याणसिंह पुत्र घीसूसिंह को हिरासत में लिया। जिससे पूछताछ की तो कई बातें सामने आई। सीओ सिटी उषा यादव ने बताया कि मंगलवार को भी ट्रांसपोर्ट नगर थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे स्थित एक स्पा पर कार्रवाई की। एक लड़का और एक लड़की मिले। मामले में सुरेश कुमार नाम के युवक को पकड़ा था।

स्पा की आड़ में यहां देह व्यापार लड़कियों से करवाया जा रहा था। एजेंट ने एक वाट्स अप ग्रुप अपने ग्राहकों का बना रखा था। और 7-10 दिन में नई लड़कियां लेकर आता था और ग्राहकों के उनके फोटो और रेट भेजता था। ज्यादातर पंजाब और दिल्ली से लड़कियों को यहां लाया जाता था। जिनसे स्पा की आड़ में देह व्यापार करवाया जाता था।

# पाली में आज मंत्री खर्रा वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान शुरू कराएंगे

**पाली**, (नि.सं.)। वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान 5 से 20 जून तक आमजन में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता लाने के लिये विभिन्न विभागों की सहभागिता से विविध गतिविधियां व कार्यक्रम आयोजित कर विश्व पर्यावरण दिवस व गंगा दशमी मनायी जायेगी।

अभियान के तहत 5 जून को जिला प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा एवं जिला प्रभारी सचिव अश्विनी भगत की अध्यक्षता में गुरूवार को जिला स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गुरूवार को आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में नगर निगम, वन विभाग, शिक्षा, स्काउट, खेल विभाग द्वारा प्रातः 8 बजे लाखोटिया तालाब पर शपथ एवं रन फॉर एनवायरनमेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इसी प्रकार प्रातः 08:15 बजे कलश यात्रा, 8:30 बजे वृक्षारोपण, 9 बजे तालाब में नाव से सफाई, 9:05 बजे जल पूजन, पीपल पूजन, 9:35 बजे श्रमदान व सफाई, 9:45 बजे नगर निगम, राजीविका, शिक्षा आईसीडीएस विभाग द्वारा स्टेज कार्यक्रम, 10:30 बजे वन विभाग द्वारा वृक्ष वितरण, सायं 7:30 बजे नगर निगम द्वारा रंगोली व दीपदान, रात्रि 8 बजे शिक्षा विभाग द्वारा चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन, रात्रि 8:05 बजे लाखोटिया उद्यान में सिंचाई व शिक्षा विभाग द्वारा सांस्कृतिक संध्या में नाटक, समूह नृत्य, समूह गायन, कविता व भाषण प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

समस्त स्टेक होल्डर्स की वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशला का आयोजन कर सभी की सहभागिता व जानकारी देना। जिला प्रशासन द्वारा प्रभारी मंत्री एवं प्रभारी सचिव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय कार्यक्रम, प्रेस कान्फ्रेन्स कर 5.6.2025 से 20.6.2025 के दौरान होने वाले कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देना, समस्त स्टेक होल्डर्स की वंदे गंगा आमुखीकरण कार्यशाला, सांस्कृतिक संध्या विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी जिसमें शपथ एवं रन फोर एनवायरोमेन्ट, (लाखोटिया तालाब बिहारी घाट) कलश यात्रा, वृक्षारोपण (पंचवटी), तालाब में नाव से सफाई, जल पूजन, पीपल पूजन,श्रमदान व सफाई,वृक्ष वितरण, रंगोली दीपदान, चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन होगा।

सांस्कृतिक संध्या, सांस्कृतिक संध्या (लाखोटिया उद्यान) नाटक, समूह, नृत्य, समूह गायन, कविता / भाषण ,चयनित स्थानों पर ईको फ्रेण्डली आर्ट तैयार करना आमुखीकरण कार्यशाला प्रेस को जानकारी देना के कार्यक्रम होंगे।

विश्व पर्यावरण दिवस पर कार्यक्रम नर्सरियों का विशेष स्वच्छता कार्यक्रम। जिला कलेक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी द्वारा नर्सरियोंका अवलोकन किया जायेगा। नर्सरियों में पौधो की ग्रेडिंग, तुलसी पौधा वितरण, वकुश वाटिका पर कार्यकम होंगे।साथ ही हरियालो राजस्थान हेतु पूर्व तैयारी जैसे गडढे खोदना, प्लास्टिक का उपयोग कम करने पर शपथ कार्यकम , वन विभाग की नर्सरीयों, वन क्षेत्र आदि के आस-पास नैचर वाक जिसमें पेड़-पौधो की प्रजातियों, महत्व आदि के बारे में जानकारी दी जायेगी। औद्योगिक संस्थानों, निजी एवं सरकारी कार्यालयों को ग्रीन आफिस इनिशियेटिव एनर्जी आडिट वं ग्रीन बजट के बारे में जानकारी ,चयनित स्थानो पर ईको फ्रेण्डली आर्ट तैयार करना आदि कार्यक्रम होंगे।

इसी प्रकार जल संसाधन विभाग द्वारा नदी बांध सरोवर पूजन ,नहरों एवं खालो की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ-सफाई, राजीविका द्वारा वंदे गंगा कलश यात्रा, पीपल पूजन, पीपल पौधारोपण वितरण, पीपल पौधारोपण एवं वितरण व ईको फ्रेण्डली स्थानीय उत्पादो के सम्बध में प्राशक्षण, प्रदर्शनी आदि किये जायेगे।

स्कूल शिक्षा विश्व पर्यावरण दिवस पर निबंध, भाषण, कविता प्रतियोगिता एवं बाल सभा व वंदे गंगा प्रभात फेरी का आयोजन किया जायेगा।

जल स्त्रोतो की साफ-सफाई एवं मरम्मत,जल स्त्रोतो पर दीप प्रज्वलन, अमृतः 2.0 अर्तगत स्वयं सहायता समूहो की महिलाओं से साफ-सफाई एवं रख-रखाव, शहरी रोजगार योजना अन्तर्गत पौधारोपण को लेकर अग्रिम तैयारी, महापुरूषों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई, अधिक से अधिक संख्या में जन-जन को वंदे गंगा जल संरक्षण संकल्प दिलाना, सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहयोग से सरकारी भवनों में स्थित त्ज्ॅभ् की साफ-सफाई एवं रख-रखाव कार्यकम आयोजित किये जायेगें। अधिक से अधिक संख्या में जन-जन को वंदे गंगा जल संरक्षण संकल्प दिलाना, ग्राम सभाओं का आयोजन किया जायेगा।

औरण का चिन्हीकरण एवं घास बुआई की पूर्व तैयारी,चारागाहों का चिन्हीकरण एवं पौधारोपण कार्यों की अठिाम तैयारी,हरियालो राजस्थान अंतर्गत अन्य पौधारोपण कार्यों की अठिाम तैयारी , कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के तहत कार्यों का अवलोकन एवं स्वीकृति के कार्यक्रम प्रस्तावित है।

जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान, वंदे गंगा रैली, साइकिल रैली,खेल विभाग एवं नेहरू युवा केन्द्र,वंदे गंगा जल सेवा में सहयोग गतिविधियां करना।

6 जून को विभिन्न विभागों द्वारा विभिन्न कार्यक्रम व गतिविधियां का आयोजन होगा। नहरों एवं खालों की जल उपयोगिता संगम एवं कृषकों के सहयोग से साफ सफाई , विभाग एव भामाशाहों स्वयं सेवी संस्थाओं के सहयोग से वंदे गांगा जल सेवा, रेल्वे स्टेशन , बस स्टेण्ड , कृषि उपज मंडी समिति आदि सार्वजनिक स्थानों पर वंदे गंगा जल सेवा, आदि गतिविधियां व जल परीक्षण अभियान , जिला प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थानों पर श्रमदान ,वंदे गंगा जल सेवा में सहयोग, जल संठाहण सरंचानाओं की गाद निकालना एवं सफाई , पशु खेलियो की सफाई पीने का पानी व परिंडे बाधंना , चयनित मीडीया को जानकारी देना भ्रमण व प्रचार प्रसार कार्य किया जायेगा।

## शोभायात्रा में झांकियां सजी

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। जसलमेर में बुधवार को महेश नवमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।

गड़ीसर सरोवर स्थित नीलकंठ महादेव की विधि विधान से पूजा अर्चना कर परम्परागत शोभायात्रा का आयोजन किया गया। शोभायात्रा गड़ीसर बगेची से आसनी रोड़, गोपा चौक, ग्रामीण बस स्टेण्ड, माहेश्वरी सेवा सदन से मलकेश्वर महादेव मन्दिर पहुंची। मंत्री तरुण गोलकिया ने बताया कि महेश नवमीं पर माहेश्वरी समाज द्वारा समाज के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर महेश नवमी के उपलक्ष्य में आयोजित मेहंदी व रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया।

अध्यक्ष विजय डांगरा ने बताया कि शोभायात्रा में महादेव, वीणा वादिनी माता सरस्वती, अंजनी पुत्र हनुमान, राम लक्ष्मण जानकी, माखनचोर कान्हा सहित विभिन्न झांकियों ने वातावरण भक्तिमय बना दिया।शोभायात्रा का जगह जगह पर पुष्प वर्षा से शहरवासियों द्वारा स्वागत किया गया। दोपहर प्रसादी मलकेश्वर महादेव मन्दिर सेवा सदन के पास हुई। शाम को सांस्कृति कार्यक्रम व लॉटरी लक्की ड्रॉ खोला गया। रात्रि में सामुहिक गोठ काआयोजन हुआ। शोभा यात्रा में महिलाओं व बालिकाओं ने वाहन रैली में बढ चढ कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा में पारंपरिक वेशभूषा के साथ महिलाएं व बालिकाएं मंगल कलश लिए आगे चल रही थी। पुरूष सफेद कुर्ता-पायजामा पहने शोभा बढ़ा रहे थे।

युवतियों ने हर हर महादेव के जयकारे लगाए। वहीं महिला मंडल की सदस्य एक ही ड्रेस कोड में जयकारा लगाते चल रही थी।

शोभायात्रा का जगह-जगह शीतल जल, पुष्प वर्षा कर स्वागत किया, वही जैन युवा संगठन व अग्रवाल समाज ने आइसक्रीम खिलाकर स्वागत किया। रवि मोहन भूतड़ा, लक्ष्मीकांत लाहोटी, विमल मुंद डा, चतुर्भुज खाबानी, मधुसूदन लखोटिया, ओम बिरला सहित कई जने शोभायात्रा में थे।


**कार्यालय कोषाधिकारी जालोर**

क्रमांक/कोष/स्टोर/2025-26/787 दिनांकः 04/06/2025

**खुली बोली आमंत्रण सूचना संख्या 01/2025-26**

कोषालय एवं अधीनस्थ उपकोषालयों में प्रशिक्षित ऑपरेटर (मशीन विद मैन)का दिनांक 28.02.2026 तक मासिक दर पर अनुबंध करने हेतु पंजीकृत बोलीदाता / संवेदकों से मोहरबंद खुली बोली दिनांक 10.06.2025 को अपरान्ह 12:00 PM बजे तक आमंत्रित की जाती है । जिसकी अनुमानित लागत 990000/- रुपए है । विस्तृत बोली आंमत्रण सूचना http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकता है ।

**UBN NO. - CJL2526SSOB00009**

**कोषाधिकारी**
**जालोर**



**कार्यालय नगरपालिका तख्तगढ़, जिला-पाली (राज.)**

क्रमांक :- न.पा.त./विकास/2025/878 दिनांक :- 03/06/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

नगर पालिका तखतगढ़ की ओर से निम्न कार्यों हेतु उपयुक्त श्रेणी में विभिन्न राजकीय विभागों एवं मान्यता प्राप्त पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदा अंकित प्राप्ति दिनांक को दोपहर 3:00 बजे तक आमंत्रित की जानी है। प्राप्त निविदाएं अंकित प्राप्ति दिनांक को उपस्थित निविदाता के समक्ष सांयकाल 4:00 बजे खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि जमा करवाने पर नगरपालिका कार्यालय में निविदा बेचान तिथि को दोपहर 1:00 बजे तकः प्राप्त किए जा सकते है।

आंशिक अथवा पूर्णतः निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निविदा स्वीकृत अधिकारी को होगा। निविदा की विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाईट **www.sppp.rajasthan.gov.in** पर देखी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनु. राशि लाखों में | निविदा शुल्क | धरोहर राशि लाखों में 2% | निविदा बेचान तिथि | निविदा प्राप्ति तिथि | समय अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | उलारिया रोड स्थित भील मीणा वस्ती के नुक्कड पर सीसी पेचवर्क का कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 2 | टास्कावास में क्रॉस रिपेरिंग कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 3 | हनुमान जी मन्दिर के बाहर स्थित पशुओं के पानी पीने की टंकी के आगे सी.सी. निर्माण कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 4 | वार्ड नं 23 सैनिक कॉलोनी में नाली रिपेरिंग कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 5 | गोगरा रोड पर सी सी पेचवर्क का कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 6 | खेडावास गार्डन के पास टॉयलेट रिपेरिंग का कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 7 | खेडावास गार्डन के पास सी सी पेचवर्क का कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 8 | शर्मिला जी के घर के आगे नाली रिपेरिंग कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |
| 9 | मेन मार्केट रामदेप जी गली के नुक्कड पर क्रॉस निर्माण कार्य। | 0.99 | 200 | 1,980 | 06.06.2025 | 06.06.2025 | 10 दिन |

**शर्तें** :-
1. बिना धरोहर राशि सशर्त/अपूर्ण एवं डाक द्वारा प्राप्त निविदाएं मान्य नहीं होंगी।
2. नगर पालिका तखतगढ़ में पंजीकृत ठेकेदारों के लिए आधा प्रतिशत धरोहर राशि देय होगी। धरोहर राशि रोकड़, बैंक ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक से ही मान्य होगी एवं बिना धरोहर राशि जमा कराए निविदा कॉपी जारी नहीं की जाएगी।
3. निविदा तिथि को राजकीय अवकाश की स्थिति में निविदाए स्वतः आगामी तिथि को विक्रय व प्राप्त की जा सकेगी।
4. उक्त निविदा में निर्माण कार्यों हेतु दोषपूर्ण दायित्व अवधि एक वर्ष की रहेगी। उक्त अवधि दौरान सही नहीं पाए जाने पर HD / धरोहर राशि रोकी जाकर नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।
5. संवेदक द्वारा प्रस्तुत दरे तीन माह तक मान्य रहेगी व सभी प्रकार के केंद्र सरकार / राज्य सरकार के करों का भुगतान संवेदक द्वारा किया जाएगा।

**अध्यक्ष**
**नगरपालिका, तखतगढ़**

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका, तखतगढ़**

राज.संवाद/सी/25/3520